# नस्लसंरक्षण पुरस्कार

## 2019

<u>आवश्यक दिशा निर्देश / नियम एवं शर्तें</u>

भाकृअनुप
ICAR

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

Agrisearch with a human touch

## आवश्यक दिशा निर्देश

## नस्ल संरक्षण पुरस्कार – 2019

भा.कृ.अनूप.राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक ब्यूरो (आई.सी.एआर.-एन बी.ए.जी.आर), करनाल अपने अधिदेशः 1. देश के पशुधन एवं कुक्कुट सम्पदा की पहचान, मूल्यांकन, गुण निर्धारण, संरक्षण एवं इनका सतत उपयोग, 2. पशु आनुवंशिक सम्पदा का प्रबन्धन और नीतिगत मुद्दों में समन्वय और क्षमता निर्माण, को किर्यान्वित करने के लिए एकमात्र संस्थान है आई.सी.एआर.-एन बी.ए.जी.आर, करनाल पंजीकृत पशुओं और कुक्कुटों की नस्लों के संरक्षण और रखरखाव के कर्यों में लगे हुए पशुपालकों, व्यकित्यों, समुदाय और संस्थओं को नस्ल संरक्षण पुरस्कार 2019 हेतु आवेदन के लिए आमंत्रित करता है. नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्रतिवर्ष चार (4) श्रेणियों के अंतर्गत प्रदान किये जाते हैं. इस पुरस्कार मे नकद 10,000/- रुपये (दस हज़ार रुपये केवल ) और एक प्रमाणपत्र/ प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा. पुरस्कृत व्यक्ति तथा उनके साथ एक सहयोगी व्यक्ति को पब्लिक ट्रासपोर्ट (बस/ रेल/स्टीमर द्वारा जो कि एसी-तृतीय श्रेणी तक सिमित होगा ) करनाल तक की गयी यात्रा का भत्ता एवं केवल एन. बी. ए. जी. आर में रहने एवं भोजन का खर्चा प्रदान करेगा. यह पुरस्कार आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा किसान दिवस के उपलक्ष में 23 दिसम्बर को प्रदान किया जायेगा |

## नस्ल संरक्षण पुरस्कार की श्रेणियां

आवेदन निम्नलिखित श्रेणियों के अंतर्गत किया जा सकता है:

(I) व्यक्तिगत नस्ल संरक्षण पुरस्कार (3)

- (क) बड़े रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (गाय और भैंस) - 1
- (ख) छोटे रोमंथी एवं जुगाली करने वाले पशु की नस्लों का संरक्षण (भेड़ और बकरी) -1
- (ग) अन्य पशुधन प्रजातियों की पंजीकृत नस्लों का संरक्षण (शूकर, अश्व, कुक्कट, याक और ऊंट आदि) -1

(II) संस्थान/समुदाय जैसे की संस्थान/ नस्ल सोसाइटी / एन.जी.ओ. / गौशाला, आदि के लिए (1)

- (क) पशुधन प्रजातियों की किसी भी पंजीकृत नस्ल का संरक्षण

## पुरस्कार के लिए आवेदन की अंतिम तिथि

संस्थान में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि 15 .10 .2019 (15 अक्टूबर 19) है. निर्धारित प्रारूप एवं सभी प्रकार से परिपूर्ण (पशुधन की रंगीन तस्वीरों सहित) आवेदन दो प्रतियों में निदेशक, भाकृअनुप - एन.बी.ए.जी.आर, करनाल को नियत तारीख (15.10.19) तक या उसके पहले पहुँच जाना चाहिए|

## पुरस्कार के चयन की प्रक्रिया

तय तिथि तक भाकृअनुप - एन.बी.ए.जी.आर, करनाल द्वारा प्राप्त नस्ल संरक्षण पुरस्कार के सभी आवेदनों (सभी प्रकार से पूर्ण) की पात्रता की जाँच की जाएगी तथा द्वारा एक विशेषज्ञ चयन समिति का गठन किया जायेगा और इस विशेषज्ञ समिति द्वारा की गयी सिफारिशों पर ही पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं का चयन किया जायेगा | जो नस्लें कम संख्या में अथवा संकटमय हो चली हैं उनके संरक्षण में लगे पशुपालकों, व्यक्तियों, समुदाय और संस्थाओं को प्राथमिकता दी जायगी | सभी नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं के नाम भाकृअनुप - एन.बी.ए.जी.आर, करनाल की वेबसाइट (www.nbagr.res.in) पर घोषित किये जायेंगे और आवेदनकर्ता को ई-मेल / फोन द्वारा भी सूचित किया जाएगा |

## आवेदन हेतु पात्रता एवं मानदंड

1. पंजीकृत नस्लों के संरक्षण और रखरखाव के कार्यो में लगे हुए व्यक्ति, समुदाय और संस्थाएं या संरक्षित नस्लों से बने उत्पाद अथवा इनके मूल्य में वृद्धि, नस्लों के महत्व में वृद्धि, नस्ल संरक्षण के लिए पशु प्रजनन सम्बंधित सेवाओं, एवं उपरोक्त किसी भी कार्य के माध्यम से नस्ल संरक्षण में लगे हुए व्यक्ति, पशु संरक्षक, समुदाय/संस्था या संरक्षण कर्ता आदि आवेदन कर सकते है |
2. व्यक्ति, समुदाय और संस्था जो कम से कम पिछले 5 वर्षो से (पुरस्कार वर्ष से पूर्व) पशु संरक्षण और पशुपालन में लगे हैं |
3. कोई भी संस्थान, संस्था पंजीकृत ब्रीडर्स एसोसिएशन, नस्ल आधारित सोसाइटी, अन्य सोसाइटीज, गैर सरकारी संगठन अथवा गौशाला आदि जो पालतू पशुओं की पंजीकृत नस्ल संरक्षण के कार्य में लगे है |
4. केवल भाकृअनुप - एन.बी.ए.जी.आर, करनाल द्वारा पंजीकृत पशुधन और कुक्कट की नस्लों का ही इस पुरस्कार के लिए विचार किया जाएगा | पंजीकृत नस्लों का विवरण संस्थान की वेबसाइट " www.nbagr.res.in" पर उपलब्ध है,
5. आवेदक द्वारा रखे गए पशुओं के समूह / पक्षी के झुंड में पशुओं की कम से कम निम्नलिखित संख्या अवश्य होनी चाहिए :

| वर्ग | व्यक्तिगत श्रेणी | संस्थाओं हेतु |
|---|---|---|
| बोवाइन/ बड़े मवेशी (गाय/ भैंस/याक मिथुन) | >15 | >100 |
| भेंड़/ बकरी/ शूकर | >50 | >100 |
| ऊँट/ अश्व/ घोड़ा/ गधा आदि | >10 | >30 |
| पालतू पक्षी (मुर्गी/ बत्तख़ /गीज ) | >30 | >300 |

6. सभी व्यक्ति/समुदाय/संस्थायें पुरस्कार की एक से अधिक श्रेणियों के लिए आवेदन कर सकती हैं|
7. वे नस्लें जिन्हें पिछले तीन वर्षों में नस्ल संरक्षण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है, वे पुरस्कार के 3 वर्षों बाद ही पुन: पुरस्कार के लिए पात्र होंगी | (विवरण के लिए कृपया संलग्नक-I देखें)

<u>आवश्यक दिशा निर्देश</u>

1. आवेदन के लिए कोई भी शुल्क नहीं है हालाँकि, आवेदन की दो प्रतियाँ भेजनी आवश्यक हैं |
2. आवेदन को अपने आवेदन के साथ नोटरी से सत्यापित एक हलफनामा जमा करना होगा, यह प्रमाणित करते हुए कि " मै .................................. पुत्र/पुत्री ............................. निवासी .......................................... नस्ल ................................ के संरक्षण के कार्य में शामिल हूँ तथा आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर, करनाल को नस्ल संरक्षण पुरस्कार के लिए उपलब्ध कराई गई सभी जानकारी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार एकदम सही है |
3. कृपया आवेदन फॉर्म के साथ पिछले 3 साल की ऑडिट स्टेटमेंट संलग्न करें (केवल संस्थानों के लिए लागू).
4. कृपया आवेदन फॉर्म के साथ वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें (केवल संस्थानों के लिए लागू).
5. हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओँ में आवेदन प्रारूप (एमएस-वर्ड/पीडीएफ) और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज/विवरण आदि आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर की वेबसाइट (www.nbagr.res.in) से ही डाउनलोड/ प्राप्त करें |
6. प्रत्येक श्रेणी के पुरस्कार के लिए आवेदन बंद लिफाफे में अलग-अलग भेजें, आवेदन पत्र निदेशक, भाकृअनुप – राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, जी.टी. रोड, करनाल- 132 001 (हरियाणा) के पास भेजा जाना आवश्यक है |
7. अगर पुरस्कार चयन समिति द्वारा एक ही श्रेणी में एक से अधिक पुरस्कार अनुशंसित किये जाते हैं तो पुरस्कार के नकद प्रोत्साहन राशि को पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में साझा किया जाएगा |
8. पशुधन और कुक्कुटों की पंजीकृत नस्लों की सूचि आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर द्वारा अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है | स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर की वेबसाइट लिंक (<u>http://www.nbagr.res.in/Accessionbreed.html</u>) पर पशुधन और पोल्ट्री की पंजीकृत नस्लों की सूची देखें |
9. अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा. कृपया आवेदन समय रहते भेजे, आईसीएआर-एन.बी.ए.जी.आर किसी भी डाक विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा |

10. आवेदन के लिए किसी भी रूप में पक्ष-प्रचार की अनुमति नहीं है ऐसा करने पर आवेदन अयोग्य कर दिया जाएगा |
11. इस सम्बन्ध में समस्त पत्राचार निदेशक, भाकृअनुप – राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, जी.टी. रोड, करनाल 132 001 (हरियाणा) को करें |
12. पुरस्कृत आवेदन में प्रदान किये गए फोटो एवं अन्य सामग्री पर भाकृअनुप – राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का अधिकार होगा.
13. आवेदन से जुड़े किसी भी विसंगति के मामले में निदेशक, भाकृअनुप – राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, जी.टी. रोड, करनाल का निर्णय ही अंतिम होगा और वह सभी को मानना बाध्यकारी होगा |

<u>संलग्नक -I</u>

नस्ल संरक्षण पुरस्कार प्राप्त नस्लों की सूचि (पिछले 3 वर्ष)

| वर्ष | वर्ग | अर्हता | नस्ल का नाम |
|---|---|---|---|
| 2017 | व्यक्तिगत | बड़े रोमंथियो (गाय /भैंस ) की नस्लों का संरक्षण | ➢ रेड कंधारी गाय<br>➢ बिलाही गाय |
| | व्यक्तिगत | छोटे रोमंथी (भेंड़/ बकरी) पशु की नस्लों का संरक्षण | तिब्बतन भेड़ |
| | व्यक्तिगत | अन्य पालतू पशुधन प्रजातियों (शूकर, अश्व, कुक्कुट, याक , मिथुन, ऊँट आदि) की नस्लों का संरक्षण | निकोबारी शूकर |
| | संस्थान | पालतू पशुधन प्रजातियों की किसी भी पंजीकृत नस्ल का संरक्षण | निकोबारी फ़ाउल |